दिनांक 30, मई 2022

नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ
प्रेस विज्ञप्ति

भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय केन्द्रीय चिड़ियाघर प्रधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' दिनांक 30 मई से 05 जून, 2022 तक 'सह अस्तित्व के लिए संरक्षणः जनता को जोड़ना' (Conservation to Co-Existence: The People Connect) के विषय वस्तु पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा दिनांक 30.05.2022 से दिनांक 05.06.2022 तक प्रतियोगिताओं का आयोजन किये जाने के क्रम में आज दिनांक 30.05.2022 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार साइकिल रैली हेतु प्रातः 06:00 बजे से ही भारी मात्रा में प्रतिभागी निर्धारित स्थल प्राणि उद्यान के मुख्य प्रवेश द्वार (गेट नं0–1) पर एकत्रित हुए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के शुभारम्भ हेतु मुख्य अतिथि मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश डा0 अरूण कुमार सक्सेना, अतिविशिष्ट अतिथि मा0 राज्य मंत्री, वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश श्री के0पी0 मलिक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश श्रीमती ममता संजीव दुबे, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश श्री संजय सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, श्री के0पी0 दुबे एवं निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ श्री अशोक कुमार के अतिरिक्त वन विभाग एवं प्राणि उद्यान के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम आजादी के 75 साल का महोत्सव मना रहे हैं, हम सभी को संकल्प लेना होगा कि कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें। उन्होंने पौधा लगाने के साथ–साथ पौधे को सुरक्षित एवं संरक्षित किये जाने पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि हमारे पारिस्थितिकी तन्त्र में पाए जाने वाली विभिन्न प्राणि व पादप प्रजातियों से जुड़ी रोचक जानकारियॉ, हमारे

अस्तित्व को बनाए व बचाए रखने में भूमिका, महत्व एवं संरक्षण की आवश्यकता के सम्बन्ध में जन समुदाय को शिक्षित, प्रशिक्षित व जागरूक कर जन सामान्य को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व प्रबन्धन से जोड़ने हेतु निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'सह अस्तित्व के लिए संरक्षणः जनता को जोड़ना' (Conservation to Co-Existence: The People Connect) विषय पर आउटरीच गतिविधियों का आयोजन अत्यन्त प्रासंगिक है। मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने साइकिल रैली में भाग लेने वालों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप लोग देश के जागरूक नागरिक हैं, इसी लिए आज यहां उपस्थित हुए हैं।

इस अवसर पर मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अरूण कुमार सक्सेना एवं मा0 राज्य मंत्री श्री के0पी0 मलिक एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों द्वारा घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र, कुकरैल, लखनऊ में पल रही मादा घड़ियाल जिसका जन्म वर्ष 1976 को हुआ था, की दिनांक 26.05.2022 को अचानक मृत्यु हो गयी थी, को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अरूण कुमार सक्सेना एवं मा0 राज्य मंत्री श्री के0पी0 मलिक द्वारा साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। प्रतिभागियों ने अत्यन्त उत्साह के साथ प्राणि उद्यान के मुख्य प्रवेश द्वार (गेट नं0–1) से साइकिल रैली आरम्भ कर लोहिया पथ, समतामूलक चौराहे से घूम कर गोमती बैराज होते हुए प्राणि उद्यान के प्रवेश द्वार (गेट नं0–2) पर रैली का समापन किया गया।

(–ह0–)
(अशोक कुमार)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह,
प्राणि उद्यान लखनऊ